## सार-समाचार

### हनुमानशाला में आभार कार्यक्रम कल

**जालोर,** (कासं)। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत कि ओर से जालोर जिले में ऐतिहासिक विकास कार्यो की सौगात प्रदान की है। उनका आभार प्रकट करने के लिए 25 मार्च को हनुमानशाला स्कूल के प्रांगण में रखा गया है। जुल्फीकार अली भुटटो ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का धन्यवाद देते हुए जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर व अन्य प्रमुख नेताओं का अभिनन्दन व स्वागत किया जायेगा। कार्यक्रम में भैरूनाथ जी अखाडा, जैन पेढी, मुस्लिम वेलफेयर ट्रस्ट, व्यापार संघ, ग्रेनाईट ऐसोसियेशन, माईनिंग एसोसियेशन, बार ऐसोसियेशन, लायन्स क्लब, विभिन्न कर्मचारी संघ, आर्य वीर दल, जालोर, आहोर व सायला क्षेत्र के विभिन्न संघो, संगठनों और सर्वधर्म समाज के प्रबुद्धजनों व पदाधिकारियों द्वारा स्वागत अभिनन्दन किया जायेगा। जुल्फीकार अली भूटटो ने बताया जालोर शहर में राजस्थान सरकार अपने खर्चे से मेडीकल कॉलेज बना रही है,जालोर किले पर सडक, कृषि महाविद्यालय, महात्मा गांधी टाऊन हॉल जैसी अनगिनित विकास कार्य मुख्यमंत्री ने सौगात दी है। वहीं सायला कस्बे के भण्डारी धर्मशाला में शुक्रवार प्रातः 11 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सायला व जालोर की संयुक्त बैठक का आयोजन होगा। ब्लॉक अध्यक्ष सवाईसिंह चंपावत ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा बजट भाषण में जालोर जिले के लिए विभिन्न घोषणा करने पर जन अभाव अभियोग निराकरण समिति अध्यक्ष पुखराज पाराशर सहित प्रमुख नेताओं का आभार जताने के लिए 25 मार्च, को जालोर के हनुमानशाला स्कूल में आयोजित होने वाले अभिनंदन समारोह में भाग लेने एवं 26 मार्च को उम्मेदाबाद से सायला तक हाथ से हाथ जोड़ो अभियान के तहत निकाले जाने वाले पैदल मार्च की तैयारियों को लेकर बैठक में चर्चा की जाएगी।

### विद्या भारती में शहीद दिवस मनाया

**जालोर,** (कासं)। शहर के विधा भारती इंटरनेशनल स्कूल में शहीद दिवस पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशिका मधु बाला भाटी ने बताया कि क्लास 9 वी 11 वीं के छात्रों ने हमारे शहीद हमारा पर निबंध प्रतियोगिता हुई। प्रथम स्थान पर छोटू सिह और द्वितीय पर फातिमा असरफी रही। प्रिंसिपल अनिल मिश्रा ने बताया कि क्लास 6 और 7 के छात्रों ने शहादत बनाम राजनीति पर नारा लेखन प्रतियोगिता में हिस्सा लिया। प्रथम दिव्यांशी आचार्य और पूजा सुथार रही , दूसरे पर संजू नागोरी और तीसरे स्थान पर कुसुम सोनी रही। शारीरिक शिक्षक कुपा राम आर्य ने विद्यालय स्तर में वुशु प्रतियोगिता करवाई जिसमे प्रथम स्थान पर बालिका वर्ग में 54 किलो वजन में साक्षी राजपुरोहित ने हिमांशी को हराकर , 39 किलो में कविता सेन ने डिंपल को हराकर ,बालक वर्ग में आदिल खा ने 39 किलो में रोशन को हराकर और 45 किलो में राहुल कछवाह ने अल्ताफ को हर कर अपने मुकाबले जीते। वरिष्ठ शिक्षक सुरेन्द्र जी नाग सर ने बच्चों को शहीदों की आजादी में भूमिका पर अपने ओजश्वी विचारों से मार्ग दर्शन किया। शिक्षक मनोज सिंह, गौतम सिह , हाकिम सिंह , हनुमान राम ,गोरी पूर्णिमा ,ज्योति सुंदेशा,हुस नार मण्डोरी, सुमन , बबिता व्यास कोमल शर्मा, शमिता ,और पिहू सोलंकी उपस्थित रहे।

### गणगौर महोत्सव मनाया

**जालोर,** (कासं)। जालोर शहर के साईं बिहार कॉलोनी में गणगौर महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। शीतला सप्तमी से शुरू हुए इस महोत्सव में प्रतिदिन शाम को महिलाओं द्वारा ईसर एवं गणगौर की पूजा अर्चना कर भजन गाए जाते हैं । महिलाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम नृत्य आदि प्रस्तुत किए जा रहे हैं। साईं विहार कॉलोनी की सुनीता अग्रवाल शैलू व्यास ममता अग्रवाल भगवती अग्रवाल अंशु अग्रवाल पूर्णिमा मोनिका जैन सवीना विश्नोई अनु दुबे नीरू सविता सुमित्रा गिरीशा सरोज कंवर आदि महिलाएं उत्साह पूर्वक कार्यक्रम में प्रतिदिन भाग ले रही हैं।

### रेल मंडल प्रबंधक को ज्ञापन दिया

**पोकरण,** (निसं)। जोधपुर रेल मंडल प्रबंधक पंकज कुमार सिंह ने गुरूवार को पोकरण का दौराकर रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष जुगल किशोर व्यास एडवोकेट ने मुलाकात कर रेल समस्याओं व सुविधाओं को लेकर ज्ञापन सौंपा।

# बाड़मेर वीरों की धरती, इस पर हर सैनिक को गर्व : मेजर पीयूष

**बाड़मेर,** (निसं)। बाड़मेर शौर्य और पराक्रम के साथ साथ वीरों की धरती है। जिस पर हर सैनिक को गर्व है। जनरल हनुतसिंह ,धर्माराम ,भीखाराम ,प्रेमसिंह और सांवलाराम की शहादत पर समूचे देश को गर्व है । सेना के प्रति यहां के युवाओं में विशेष लगाव है। हमें खुशी है यहां देशभक्ति को लेकर इतनी जागरूकता है । उक्त उद्गार खेतोलाई से जोधपुर जा रही कोणार्क सेपर्स की साईकिल यात्रा के बाड़मेर पहुंचने पर आयोजित स्वागत समारोह में मेजर पीयूष शर्मा ने व्यक्त किये।

थार के वीर संस्थान के संयोजक रघुवीरसिंह तामलोर ने बताया कि साईकिल यात्रा के बाड़मेर पहुंचने पर बीएसएफ की 13 वीं वाहिनी के साथ एक वॉलीबॉल मैत्री मैच का आयोजन किया गया जिसमें सभी साइकिल यात्रियों का स्वागत किया गया । यात्रा के बाड़मेर शहर पहुंचने पर पीजी कॉलेज स्थित एनसीसी सभागार में केप्टन आदर्श किशोर के नेतृत्व में साइकिल यात्रियों का स्वागत सत्कार किया गया । इस दौरान मेजर पीयूष शर्मा और कैप्टन रणंजय सिंह ने वीरांगना रैना चौधरी का शॉल भेंटकर सम्मान किया और आजादी के अमृत महोत्सव के तहत निकाली जा रही साइकिल यात्रा के उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रदान की । इस दौरान छात्रों से रूबरू होते हुए मेजर पीयूष शर्मा ने अग्निवीर और अग्निपथ बनने की जानकारी प्रदान करते हुए सेना में जाने के लिए प्रेरित किया । साइकिल यात्रा का मल्लीनाथ महाविद्यालय छात्रावास पहुंचने पर पुष्पवर्षा के साथ स्वागत किया गया । इस दौरान छात्रों को सम्बोधित करते हुए कैपटन रणंजय सिंह ने बताया कि खेतोलाई से शुरू होकर जोधपुर तक विभिन्न जगहों से गुजरते हुए 14 दिन में ये यात्रा 1100 किलोमीटर का सफर तय करेगी । जिसमें स्कूली बच्चों में राष्ट्रीय भावना का जागरण करना ,सेना में जाने के लिए प्रेरित करना और ऐतिहासिक युद्धों और सामरिक स्मारकों की जानकारी प्रदान करनी है । इस दौरान दुर्गावाहिनी की सह संयोजिका डॉ नीलम चौधरी ,छात्रनेता प्रवीणसिंह मीठडी, रविंद्रसिंह, जेठमाल सिंह, खेतसिंह ने भी सम्बोधित किया ।

**भीनमाल संवाददाता के अनुसार :** आजादी के अमृत महोत्सव के कार्यक्रमो की श्रृंखला में भारतीय सेना की ओर से खेतोलाई-पोकरण से शुरू की गई। कोणार्क सैपर्स की साईकिल यात्रा गुरुवार को भीनमाल श्री क्षेमंकरी माताजी तलहटी पहुंची। गत्व14 दिन में 1100 किमी यात्रा करने के लिए निकली रैली का उद्देश्य देश की भावी पीढ़ी को दिशा देने के लिए एक प्रकाशस्तंभ के रूप में कार्य करना है। इस मौके पर रैली श्री क्षेमंकरी मातेश्वरी ट्रस्ट द्वारा स्वागत किया गया। यहां रैली में आई टीम ने युवाओं को भारतीय सेना के सशस्त्र बलों को कॅरियर के रूप में चुनने ओर नामांकन के लिए प्रेरित किया। इसमें अग्निपथ के बारे में फैलाई जा रही भ्रांन्तियो को दूर किया। कोणार्क सैपर्स की टीम शु वार सुबह मेजर पियूष शर्मा,कैप्टन रणंजय की अगुवाई में भीनमाल से रवाना होकर मंडार माऊंड आबू की तरफ जाएगी। साईकिल रैली के स्वागत के दौरान श्री क्षेमंकरी मातेश्वरी ट्रस्ट के भवरसिंह देव?ा, भोमाराम सुथार, प्रेमभारती गोस्वामी, मदनसिंह जागीरदार, हरिसिंह सोलंकी, महेश व्यास, विजय सिंह चंपाल राव, चंपालाल सोनी प्रदीप नागर, रामदास वैष्णव सहित कई लोग मौजूद थे।

### चौकेलाव महल में जलसा होगा

**जोधपुर,** (कासं)। महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र, मेहरानगढ म्यूजियम ट्रस्ट एवं आडावल संस्थान, उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में 29 मार्च को मेहरानगढ दुर्ग के चौकेलाव महल में प्रातः 10 बजे से एक दिवसीय 'राजस्थानी भासा रौ जळसौ' के अन्तर्गत पूर्व शासक गजसिंही, मारवाड़ जोधपुर के निर्देशन में राजस्थानी भाषा की संवैधानिक मान्यता से जुड़े संगठन दुर्ग से मायड भाषा की ज्योत प्रज्ज्वलित कर राजस्थानी को संवैधानिक मान्यता दिलाने का संकल्प लेंगे।

कार्यक्रम आयोजक महाराजा मानसिंह पुस्तक प्रकाश शोध केन्द्र के सहायक निदेशक डॉ महेंद्रसिंह तंवर ने बताया कि राजस्थानी जळसै का आयोजन राजस्थान दिवस की पूर्व संध्या पर 29 मार्च को मेहरानगढ दुर्ग में होगा। इसके अन्तर्गत आयोजित राजस्थानी परिसंवाद में डॉ. आईदानसिंह भाटी, लक्ष्मणदान कविया, भंवरलाल सुथार, शिवदानसिंह जोलावास, तरनिजा मोहन रतनू, रामरतन लटियाल, हिमांशु शर्मा, खेमकरण लाळस, डॉ. सुखदेव राव, डॉ. इन्द्रदान चारण सहित अनेक राजस्थानी भाषा के विद्वान अपने विचार व्यक्त करेंगे। राजस्थानी काव्य गोष्ठी का आयोजन भी किया जायेगा।

### मरीज ले जा रही प्राइवेट एम्बुलेंस में लगी आग

**पिंडवाड़ा,** (निसं)। सिरोही मुख्यालय चिकित्सालय से दुर्घटना में घायल मरीज को उपचार के लिए उदयपुर ले जाते समय उदयपुर रेलवे ब्रिज के ऊपर अचानक सड़क पर दौड़ती एक प्राइवेट एम्बुलेंस में अचानक आग लग गई। पास से गुजर रहे ट्रक चालकों की मदद से आग पर काबू पाया। मरीज को अन्य एंबुलेंस की मदद से आगे उपचार के लिए भेजा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को रात्रि में सिरोही मुख्यालय के अस्पताल में दुर्घटना में घायल एक मरीज को उपचार के लिए एंबुलेंस चालक प्रवीण हीरागर उदयपुर के लिए रवाना हुआ था।

रात्रि 9.15 बजे करीब उदयपुर जाने वाले हाईवे मार्ग के पिंडवाडा अजारी रेलवे पुलिया के पास पहुंची। तभी अचानक एंबुलेंस के इंजन में से धुआं निकलना शुरू हुआ और इंजन में आग की लपटें उठने लगी।

ड्राइवर ने तुरंत ही एंबुलेंस को रोककर गाडी को बीच सड़क पर खड़ा कर दिया। उस दौरान वहां से गुजर रहे ट्रक चालकों एंबुलेंस में आग को देखकर अपने वाहन सडक के किनारे रोक कर एंबुलेंस के पास पहुंचे और घायल मरीज को सुरक्षित बाहर निकाला और सड़क किनारे लेटा दिया और अंदर लगे ऑक्सीजन बोतल को भी बाहर निकाला। इसके बाद लोगों ने आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को सूचना दी।

इसी दौरान आस पास के लोगों को एंबुलेंस में आग लगने की घटना की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर पहुंचे। सभी लोग आसपास के कुएं से पानी रेती और मिट्टी लाकर आग बुझाने के प्रयास किए और जैसे तैसे लोगों ने ड्रमों में पानी भर कर लाकर आग बुझाने के प्रयास किये और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया।

इस दौरान एम्बुलेंस का इंजिन के अंदर का सिस्टम पूरी आग हीट पकड़ने और शॉर्ट सर्किट के बाद आग लगने से जल गया। वहीं एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया है, लेकिन फायर ब्रिगेड को सूचना देने के बाद भी मौके पर एक दमकल की गाडी नहीं पहुंची।

वहीं घटना की जानकारी पिंडवाडा की एंबुलेंस चालक शिवलाल प्रजापत को मिलते ही कैलाश कुमार के साथ एंबुलेंस लेकर घटनास्थल पर पहुंचे और घायल मरीज को उपचार के लिए उदयपुर रवाना किया।

### आपणी पाठशाला का शिलान्यास

**जोधपुर,** (कासं)। शिक्षाविद डॉ निर्मल गहलोत उत्कर्ष क्लासेज, जोधपुर व उप प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड के हाथों पाठशाला की आधारशिला रखी गयी। डॉ गहलोत ने पूर्व में भी शिक्षा के केंद्र आपणी पाठशाला की संस्था में 11 लाख का आर्थिक सहयोग किया था। आज शिलान्यास कार्यक्रम में फिर से 21 लाख रुपये की घोषणा फिर से देने की घोषणा की।

चूरू स्थित आपणी पाठशाला राजस्थान पुलिस में कार्यरत सिपाही धर्मवीर जाखड की सेवा भावना से उपजा एक संकल्प है जिसे एक मुहिम के तौर पर मुस्कान संस्थान ने आगे बढाया व कई समाजसेवकों भामाशाहों व कार्यकर्ताओं ने अपना सहयोग दिया। देश के अलग अलग भागों से झुग्गियों में रहने वाले, भिक्षावृत्ति व बालश्रम में लिप्त अनाथ बेसहारा बच्चों को झुग्गी झोपडियों में ही केवल जनसहयोग से पिछले 7 सालों सें नि:शुल्क शिक्षा प्रदान कर उनको योग्य नागरिक बनाकर समाज की मुख्यधारा से जोडने का कार्य करने वाली यह पाठशाला आज कई नागरिकों की उपस्थिति में प्रातः 10 बजे शिलान्यास कार्यक्रम शिक्षाविद डॉ निर्मल गहलोत फाउंडर उत्कर्ष क्लासेज, जोधपुर व उपप्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड के हाथों हुआ।

## सार-समाचार

### सर्व धर्म प्रार्थना एवं रैली का आयोजन

**सांचोर** (कासं)। सांचोर उपखंड अधिकारी संजीव कुमार खेदर के नेतृत्व में अहिंसा दिवस के अवसर पर सर्व धर्म प्रार्थना एवं रैली का आयोजन किया गया। उपखंड अधिकारी ने बताया कि देश की आजादी में सरदार भगत सिंह ,सुखदेव ,राजगुरु के बलिदान को भुलाया नहीं जा सकता। साथ ही महात्मा गांधी के अहिंसा परमो धर्म सिद्धांत के माध्यम से देश की आजादी में अहम योगदान रहा। इस अवसर पर सर्वप्रथम सर्व धर्म प्रार्थना कार्यक्रम हुआ। तत्पश्चात अहिंसा पर रैली को उपखंड अधिकारी संजीव कुमार खेदर द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ सांचोर द्वारा उपखंड अधिकारी ,विकास अधिकारी, मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी का स्काउट स्कार्फ पहना कर स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक मुख्य शिक्षा अधिकारी पूनमचंद विश्नोई ,कार्यवाहक विकास अधिकारी घेवर चंद शर्मा ,मासिंगाराम, राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ सांचौर के सचिव लादू राम भादू, व्याख्याता रघुनाथा राम बिश्नोई ,रेणु शर्मा, अरविंद पूनिया, हरीश चौधरी ,अर्जुन पुरोहित , नरेंद्र कुमार आदर्श , सुनील लोल, गाइडर नीतू सिंह , स्काउटर नरेश कुमार , भेराराम लोल वरिष्ठ शारीरिक शिक्षक, विमला चौधरी , अनिल कुमार, जय किशन शर्मा, वीरमदेव सहित कई लोग उपस्थित हुए। डिवाइन इंटरनेशनल स्कूल सांचौर के स्काउट गाइड, एप्पल इंग्लिश मीडियम स्कूल आदि के विद्यार्थियों ने रैली में भाग लिया।

### लोकेन्द्रपाल सिंह गोरखपुर रवाना

**जालोर,** (कासं)। जालोर के लोकेन्द्रपालसिंह का चयन राष्ट्रीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता में होने पर गुरूवार को गोरखपुर बिहार के लिए रवाना हुए। जिला थ्रो बॉल संघ के सचिव ओमप्रकाश आर्य ने बताया कि आगामी 23 से 27 मार्च को गोरखपुर बिहार में राष्ट्रीय स्तरीय थ्रो बॉल प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस प्रतियोगिता में राजस्थान टीम से जालोर के लोकेन्द्रपाल का चयन राजस्थान टीम में चयन हुआ।


**उत्तर पश्चिम रेलवे** — **ई-ऑक्शन आमंत्रित करने की सूचना** — G20

No. - Comm1/ E-auction/2022/40 Date: 22.03.2023

उक्त के सन्दर्भ में स्टेशन के ठेके हेतु ई-ऑक्शन आमंत्रित की गई है। कैटलॉग IREPS वेबसाइट पर प्रकाशित किए जा चुके हैं।

| Catalogue No. | Type of Contract | Lot No. | Train No./ Station | Date/Time & Period of Contract |
|---|---|---|---|---|
| OOH-JU-15 | विज्ञापन-आउट ऑफ़ होम (OOH) | ADVT-JU-DQN-OH-30-22-1 | धानेरा | 03.04.2023 को 11:00 बजे से ठेके की अवधि: 03 वर्ष |
| | | ADVT-JU-GCH-OH-39-22-1 | गच्छीपुरा | |
| | | ADVT-JU-LUNI-OH-104-22-1 | लूणी | |
| | | ADVT-JU-PLCJ-OH-72-22-1 | फलोदी | |
| | | ADVT-JU-CTKT-OH-28-22-1 | छोटी खाटू | |
| | | ADVT-JU-REN-OH-41-22-1 | रेन | |
| | | ADVT-JU-SMR-OH-73-22-1 | समदड़ी | |
| | | ADVT-JU-BANE-OH-32-22-1 | बासनी | |
| | | ADVT-JU-RNV-OH-29-22-1 | रानीवाड़ा | |
| | | ADVT-JU-MKN-OH-37-22-1 | मकराना | |
| RDN-ND-JU - 11 | विज्ञापन-स्टेशन परिसर में (नॉन-डिजिटल) | ADVT-JU-BME-OSN-78-22-1 | बाड़मेर | 05.04.2023 को 11:00 बजे से ठेके की अवधि: 03 वर्ष |
| | | ADVT-JU-SMR-OSN-74-22-1 | समदड़ी | |
| | | ADVT-JU-REN-OSN-82-22-1 | रेन | |
| | | ADVT-JU-BGKT-OSN-106-22-1 | भगत की कोठी | |
| | | ADVT-JU-LUNI-OSN-98-22-1 | लूणी | |
| | | ADVT-JU-DNA-OSN-83-22-1 | डेगाना | |
| | | ADVT-JU-BANE-OSN-75-22-1 | बासनी | |
| | | ADVT-JU-BLT-OSN-76-22-1 | बालोतरा | |
| | | ADVT-JU-LAU-OSN-91-22-1 | लाडनूं | |
| | | ADVT-JU-BUT-OSN-77-22-1 | बायतू | |
| | | ADVT-JU-GOTN-OSN-81-22-1 | गोटन | |

**बयाना राशी: बोली के मूल्य का 5%** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल देखें। लॉट-वार विवरण उसमें उपर्युक्त कैटलॉग नंबर के तहत उपलब्ध हैं। 290-AC/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भारत सरकार | ONE WORLD TB SUMMIT VARANASI 2023 | आज़ादी का अमृत महोत्सव | G20



**भारत विश्व स्तर पर टीबी को समाप्त करने की दिशा में अग्रसर है**

**वन वर्ल्ड टीबी सम्मेलन, वाराणसी 2023 के दौरान टीबी के प्रमुख पहलों का शुभ आरम्भ किया जाएगा**

**माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी**

**विश्व टीबी दिवस | 24 मार्च, 2023 | सुबह 10:30 बजे**

इंटरनेशनल को-ऑपरेशन एंड कन्वेंशन सेंटर- रुद्राक्ष

**आज शुरू की जा रही प्रमुख टीबी पहल:**

• भारत टीबी रिपोर्ट 2023 • टीबी मुक्त पंचायत अभियान • एक्स्ट्रा पल्मोनरी ट्यूबरकुलोसिस के लिए प्रशिक्षण मॉड्यूल • कम अवधि के टीबी निवारक उपचार का राष्ट्रव्यापी रोलआउट

• फैमिली केयरगिवर मॉडल • बीएसएल लैब, एनसीडीसी शाखा के लिए आधारशिला और मेट्रोपॉलिटन सर्विलांस यूनिट, वाराणसी के लिए साइट का अनावरण

**भारत वैश्विक लक्ष्य से पांच साल पहले 2025 तक टीबी को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है**

**टीबी रोगी पंजीकरण** 2014 में 15.5 लाख से 56% बढ़कर 2022 में 24.22 लाख हो गया

**रैपिड मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक मशीनें** 2014 में 40 से बढ़कर 2022 में 5,090 हो गई

2018 से एक्टिव केस फाइंडिंग के माध्यम से **2.55 लाख अतिरिक्त टीबी मामलों** का निदान किया गया

7.3 लाख टीबी के मामले, 2022 में **निजी क्षेत्र से सर्वाधिक पंजीकरण किए गए**

अप्रैल 2018 से अब तक **79 लाख से अधिक टीबी रोगियों को ₹ 2,102 करोड़** से अधिक की राशि वितरित की गई

**प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान** ने 71,000 से अधिक नि-क्षय मित्रों को 9.87 लाख से अधिक स्वीकृत टीबी रोगियों को अतिरिक्त सहायता प्रदान करने में सक्षम बनाया गया

डीडी न्यूज़ पर लाइव इवेंट में शामिल हों। | 1800-11-6666 www.tbcindia.gov.in

cbc 17102/13/0051/2223